# उत्तर प्रदेश विधान सभा

## उत्तर प्रदेश विधान सभा

## तृतीय सत्र -2026

## मंगलवार, 29 भाद्रपद, शक संवत् 1944

## 05 अगस्त, 2026

----

**कुल प्रश्न** - 199

----

18/15/107 1 **श्रीमती नसीम सोलंकी (सीसामऊ):**

**सहकारिता** क्या सहकारिता मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में सहकारी समितियों को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए सरकार ने क्या नई व्यवस्था लागू की है? क्या सरकार बताएगी कि किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से सस्ता ऋण और खाद-बीज उपलब्ध कराने की स्थिति सुधारने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं? क्या सरकार की निष्क्रिय सहकारी समितियों को पुनः सक्रिय करने के लिए कोई योजना है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/113 2 Shri Akhilesh (Mubarakpur):

0 **Sugarcane Development and Sugar Industry** क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में गन्ना उत्पादन मूल्य तथा गन्ना उत्पादन की दर प्रति एकड़ क्या है? क्या सरकार लागत मूल्य के सापेक्ष वर्ष 2026 गन्ने का वर्तमान राज्य परामर्शित मूल्य (एस०ए०पी०) का निर्धारण पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/155 3 **श्री मनोज कुमार पारस (नगीना):**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि ऊर्जा विभाग द्वारा जिन स्थानों पर लंबे-लंबे केबिल डालकर कनेक्शन दिए गए हैं, उन स्थानों पर खंबे औऱ ए0 बी0 सी0 केबिल डालने का कार्य सरकार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/73 4 **डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा (शिकोहाबाद):**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश की सभी नगर पंचायतों, नगर पालिका परिषदों और नगर निगमों में कार्यरत सभी कर्मचारियों (विशेषकर आउटसोर्सिंग के माध्यम से रखे गए कर्मचारियों) के ई0पी0एफ0 की नियमानुसार कटौती कर उसे संबंधित खातों में जमा किया जा रहा है? यदि हाँ, तो क्या जनपद फिरोजाबाद की नगर पालिका परिषद, शिकोहाबाद एवं नगर पंचायत, मक्खनपुर में कार्यरत सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को सेवा प्रदाता कंपनियों द्वारा नियमित रूप से पी0एफ0 का लाभ दिया जा रहा है? यदि हाँ, तो गत एक वर्ष में शिकोहाबाद और मक्खनपुर में कितने कर्मचारियों का पीएफ जमा किया गया है का विवरण सरकार सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्या सरकार आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के पीएफ का पैसा जमा न करने वाली और उनका शोषण करने वाली संबंधित कंपनियों के खिलाफ कोई उच्च स्तरीय जांच कराकर सख्त दंडात्मक कार्रवाई करेगी? यदि हाँ, तो कब तक?

----

18/15/121 5 Shri Rajendra Prasad Chaudhary (Rudhauli):

0 **Public Works Department** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में अंतरजनपदीय टू लेन मार्गों का चौड़ीकरण, उच्चीकरण करने की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या सरकार जनपद बस्ती में तहसील भानपुर से अड़वागाट होकर गौराचौकी जनपद गोंडा को जाने वाली अंतरजनपदीय मार्ग का चौड़ीकरण एवं उच्चीकरण सरकार कराएगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/136 6 Dr. Mukesh Chandra Verma (Shikohabad):

0 **Public Works Department** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद में आशावाद रसूलपुर क्षेत्र से होते हुए फतेहाबाद मार्ग को जाने वाले ब्रिज से 'मटसैना मार्ग' का सीधा जुड़ाव न होने के कारण क्षेत्रीय जनता को आवागमन में हो रही असुविधा सरकार के संज्ञान में है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित को दृष्टिगत रखते हुए मटसैना मार्ग को उक्त ब्रिज (फतेहाबाद मार्ग) से जोड़ने हेतु किसी एप्रोच या लिंक मार्ग के निर्माण को

स्वीकृति प्रदान करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/161 7 **Shri Kamlakant Rajbhar Urf Pappu (Didarganj):**

0 **Energy, Additional Sources of Energy** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमढ़ के विधान सभा क्षेत्र दीदारगंज के विभिन्न सबस्टेशनों के फीडरों के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में जर्जर तार, पोल व पुराने आवश्यक उपकरण परिवर्तित कर नया लगाए जाने हेतु किन - किन योजनाओं के तहत कार्ययोजना स्वीकृत हुई तथा कौन - कौन से कार्य कराए गए व कौन-से कार्य अधूरे हैं? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/150 8 **श्रीमती पिंकी सिंह (असमोली):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में सरकार द्वारा गड्ढा मुक्ति अभियान के अंतर्गत गड्ढा मुक्त की गई सड़कों में पुनः गड्ढे हो जाने के लिए जिम्मेदार कितने लोगों पर धन के दुरुपयोग हेतु गत पांच वर्षों में दंडात्मक कार्यवाही की गई? क्या सरकार उक्त की पुनरावृत्ति रोकने हेतु कोई योजना है? यदि हां, उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/178 9 **Shri Jawahar Lal Rajput (Garautha):**

0 **State Taxes and Registration** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि राज्य कर प्रयागराज के सहायक सांख्यिकीय अधिकारीगण, जो पूर्व में राष्ट्रीय बचत निदेशालय से अंतिम मूल वेतन रु0 37,600/- में दिनांक 28/02/2019 को कार्यमुक्त हुये थे जबकि राज्य कर विभाग में दिनांक 01/03/2019 को वेतनमान रु0 35,400/- पर कार्यग्रहण कराया गया था उनके पूर्व पद पर प्राप्त अन्तिम मूल वेतन रु0 37,600/-का संरक्षण किये जाने हेतु उक्त कर्मचारियों की पत्रावली वर्ष 2023 से राज्य कर विभाग में लंबित है? क्या यह सही है कि उक्त प्रकरण में वर्ष 2025 में वित्त विभाग से अनुमति भी मिल चुकी है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रकरण का निस्तारण कराएगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/180 10 **Shri Vinod Chaturvedi (Kalpi):**

0 **Cooperative** क्या सहकारिता मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जालौन के कालपी विधानसभा क्षेत्र में गेहूं की भरपूर उपज के सुरक्षित भण्डारण के लिये कुठौन्द कस्बे में वेयर हाउस बनाने पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/187 11 **Shri Vinod Saroj (Babaganj):**

0 **Housing and Urban Planning** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 27.01.2026 जो उ0प्र0 नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021 की धारा 21(2) के अन्तर्गत प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों को उक्त अधिनियम की धारा 33(2) के अन्तर्गत किराया प्राधिकारी द्वारा 60 दिवस के अन्दर निस्तारित किये जाने के स्पष्ट प्राविधान होने के बावजूद जनपदीय किराया प्राधिकरण द्वारा निर्धारित अवधि में उक्त प्रार्थना पत्रों का निस्तारण न किये जाने पर जनपदीय किराया प्राधिकरणों को स्पष्ट निर्देश निर्गत किये जाने का अनुरोध विषयक है, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/191 12 **Shri Rajeev Singh "Parichha" (Babina):**

0 **Energy, Additional Sources of Energy** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के विधान सभा क्षेत्र बबीना के बरूआसागर नगर पालिका क्षेत्र एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति हेतु कोई भी विद्युत सब स्टेशन ना होने से यहां पर प्रायः विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है? यदि हां, तो क्या सरकार बरूआसागर नगर क्षेत्र में 132 केवी विद्युत सब स्टेशन स्थापित करने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/193 13 **Shri Rajeev Singh "Parichha" (Babina):**

0 **Energy, Additional Sources of Energy** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के विधान सभा क्षेत्र बबीना के चिरगाँव नगर में पुलिया के पास बने विद्युत सब स्टेशन में पानी का निकास न होने क कारण प्रतिवर्ष बारिश के मौसम में जल भराव के कारण अधिकांश भाग डूब जाता है जिससे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था कई दिनों तक बाधित रहती है साथ ही जान-माल के नुकसान की भी आशंका बनी रहती है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्युत सब स्टेशन को अन्य जगह स्थानान्तरित करने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/194 14 **Shri Rajeev Singh "Parichha" (Babina):**

0 **State Taxes and Registration** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र के हजारों व्यापारियों के वादों के निस्तारण हेतु जनपद झाँसी में पूर्व से वाणिज्य कर अधिकरण गठित हैं जिसे शासन के निर्देश पर बंद करने की कार्यवाही की जा रही है? यदि हां, तो उक्त के क्या कारण है? क्या

सरकार व्यापारियों के हितार्थ जनपद झाँसी के उक्त वाणिज्य कर अधिकरण को जी.एस.टी. पीठ में समायोजित करने की कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/201 15 **Dr. Manoj Kumar Prajapati (Hamirpur):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद हमीरपुर के मौदहा कस्बा में सिचौली वार्ड से नेशनल हाइवे तक निर्मित सड़क से भारी वाहनों के निकलने पर उक्त मार्ग पूर्णतया जर्जर हो गया है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कराते हुये मरम्मत का कार्य करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/205 17 **Dr. Manoj Kumar Prajapati (Hamirpur):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद हमीरपुर में विकास खण्ड सुमेरपुर के ग्राम अतरैया एवं अतरैया डेरा के मध्य स्थित मार्ग में पुलिया न होने के कारण आमजन को अवागमन में कठिनाई होती हैं? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुलिया का निर्माण कार्य करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/206 18 **Shri Jawahar Lal Rajput (Garautha):**

0 **Finance and Parliamentary Affairs** क्या वित्त मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विमला देवी ब्रजमोहन सिंह इण्टर कालेज समिति, सरायप्रयाग, जनपद कन्नौज जिसकी फाइल सं0 1-18344 का पंजीकरण सं० 33/1978 दिनांक 22/04/1968 से उपनिबन्धक चिट्स एवं फन्ड कानपुर में रजिस्टर्ड है तथा उपजिलाधिकारी के आदेश दिनांक 07/06/2017 के क्रम में प्रबन्धन समिति द्वारा चुनाव कराने के उपरान्त अपनी सूची डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय कानपुर में दाखिल की गयी थी ? यदि हाँ, तो उक्त सोसाइटी की प्रबन्ध समिति का पंजीकरण एवं संस्था का रिन्यूबल प्रमाण पत्र प्रदान न किये जाने के क्या कारण हैं? क्या सरकार उक्त प्रकरण में किये जा रहे विलम्ब हेतु दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कर उक्त प्रकरण का निस्तारण करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/210 19 **Shri Jawahar Lal Rajput (Garautha):**

0 **Energy, Additional Sources of Energy** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-झांसी में एरच डीफेंस कॉरीडोर के 132 केवी सब स्टेशन से 33/11 केवी0 के जुझारपुरा, एरच, खड़ैनी सब स्टेशन जोड़े जाने विषयक

प्रश्नकर्ता का पत्र क-7 सं0 458040 दिनांक 19 मई, 2025 उन्हें प्राप्त हुआ है? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/211 20 **Shri Jawahar Lal Rajput (Garautha):**

0 **Cooperative** क्या सहकारिता मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के गुरसंराय क्षेत्र में किसानों की फसल को रखने हेतु कोई भी वेयरहाउस की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण किसानों की फसलों के रख रखाव के अभाव में उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है? क्या सरकार उक्त क्षेत्र में वेयरहाउस का निर्माण करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/225 21 **Shri Jai Kumar Singh Jaiki (Bindki):**

0 **Urban Development** विधान सभा के तृतीय सत्र -2025 के प्रथम बुधवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-195 के उत्तर के क्रम में क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि ग्राम बिरूरा तहसील सरोजनीनगर, जनपद लखनऊ में उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद के पत्राँक 351 दिनाँक 25/06/2008 द्वारा अधिग्रहीत गाटा संख्या -15 में स्थापित चकमार्ग का निर्माण सरकार करायेगी, तथा उक्त ग्राम के गाटा संख्या- 17 व 19 में दर्ज चकमार्ग का निर्माण हेतु स्थानीय निकाय के निर्णय पर धन उपलब्ध करा दिया गया है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यो?

----

18/15/258 22 **Er. Sachin Yadav Urf Jakhai (Jasrana):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के नगर निगम कार्यालयों में लम्बे समय तक लम्बित रहने वाले जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्रों को तय समय सीमा के अंदर निर्गत किये जाने हेतु कोई प्रणाली विकसित करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/264 23 **Er. Sachin Yadav Urf Jakhai (Jasrana):**

0 **Forest and Environment** क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में अधिकारियों व कर्मचारियों के जनपद – वार कुल कितने पद रिक्त है ? क्या सरकार की इन पदों को भरने की कोई योजना है ? यदि हाँ ,तो उक्त का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/266 24 **Er. Sachin Yadav Urf Jakhai (Jasrana):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में नगर निगम एप पर नागरिकों द्वारा दर्ज की गई शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण एवं मॉनिटरिंग हेतु केन्द्रीय कृत कंट्रोल सेन्टर बनाये जाने पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/268 25 **Er. Sachin Yadav Urf Jakhai (Jasrana):**

0 **Energy, Additional Sources of Energy** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के स्कूल, कालेजों के ऊपर से गुजरने वाली हाईटेंशन लाइनों को चिन्हित कर हटाये जाने की सरकार की कार्य योजना है? यदि हाँ, तो इस कार्य को किये जाने की तय समय सीमा एवं तय लक्ष्य क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/269 26 **Er. Sachin Yadav Urf Jakhai (Jasrana):**

0 **Energy, Additional Sources of Energy** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में महंगी बिजली दरों, से राहत देने हेतु विद्युत दरों में होने वाली वृद्धि के प्रस्ताव पर रोक लगाने पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/270 27 **Dr. Rakesh Kumar Verma Alias Dr. R. K. Verma (Raniganj):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद प्रयागराज के विकासखंड कौड़िहार अंतर्गत हथीगहां चौराहे से पंचायत भवन मोहम्मदपुर की सड़क ध्वस्त होकर गड्ढे में तब्दील हो गई है? क्या सरकार उक्त मार्ग का मरम्मतीकरण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/272 28 **Dr. Rakesh Kumar Verma Alias Dr. R. K. Verma (Raniganj):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में लोक निर्माण विभाग में जूनियर इंजीनियर टेक्निकल (जे0ई0टी0) स्थानांतरण नीति क्या है? क्या सरकार बतायेगी की जनपद सिद्धार्थनगर के लोक निर्माण विभाग में जे0ई0टी0 के पद पर कतिपय कर्मचारी स्थानांतरण नीति के विरुद्ध विगत 14-15 वर्षों से मुख्य अभियंता बस्ती क्षेत्र में तैनात होने की जांच विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या क-7 न0. 488005 उन्हें प्राप्त हुआ है? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/282 29 **Shri Mohammad Hasan Roomi (Kanpur Cantt.):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि कानपुर नगर निगम द्वारा लागू जी0आई0एस0 सर्वे के बाद हाउस टैक्स के निर्धारण में विसंगतियों को दूर करने के लिए पुनर्मूल्यांकन या कैम्प लगाकर आपत्तियों के निस्तारण की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या सरकार यह भी बताएगी कि पिछले एक वर्ष में कानपुर नगर निगम को हाउस टैक्स से कुल कितना राजस्व प्राप्त हुआ है और उसका कितना प्रतिशत विकास कार्यों पर खर्च किया गया है? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/284 30 **Shri Mohammad Hasan Roomi (Kanpur Cantt.):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कानपुर नगर की छावनी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बाबूपुरवा/बेगमपुरवा/मुंशीपुरवा/अजीतगंज के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में पेयजल की पाइपलाइनें सीवर लाइनों के साथ मिली होने के कारण नलों में प्रदूषित पानी आ रहा है? क्या सरकार के संज्ञान में है कि पिछले एक वर्ष में इन क्षेत्रों से जलकल विभाग/जलनिगम को दूषित पानी की कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं और उन पर क्या ठोस कार्यवाही की गई? क्या सरकार इन वार्डों में दशकों पुरानी जर्जर पाइपलाइनों को बदलने के लिए कोई विशेष कार्य योजना बनाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/286 31 **Shri Mohammad Hasan Roomi (Kanpur Cantt.):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कानपुर नगर की छावनी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नगर निगम के समस्त प्रत्येक वार्डों में सफाई हेतु कुल कितने सफाई कर्मचारियों (नियमित, संविदा एवं आउटसोर्सिंग) के पद स्वीकृत हैं तथा स्वीकृत पदों के सापेक्ष वर्तमान में कितने रिक्त हैं? क्या सरकार वार्ड-वार विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/314 32 **Shri Rajendra Prasad Chaudhary (Rudhauli):**

0 **Sugarcane Development and Sugar Industry** क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बताने कि कृपा करेंगे कि जनपद- बस्ती के विधान सभा क्षेत्र रुधौली, अन्तर्गत गन्ना विकास परिषद द्वारा वर्ष 2005 से 2023 तक कितने सड़कों का निर्माण कार्य कराया गया है ? क्या सरकार गन्ना विकास परिषद द्वारा निर्मित उक्त सड़के जो वर्तमान में जर्जर एवं गड्ढा युक्त हो गई है का पुनर्निर्माण/मरम्मत करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों?

----

18/15/328 33 **Shri Akhilesh (Mubarakpur):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधानसभा क्षेत्र मुबारकपुर के अंतर्गत ग्राम तेंदुली दसबारी संपर्क मार्ग से ग्राम सभा दौलसेपुर तक का सड़क मार्ग जर्जर एवं गड्ढायुक्त होने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा होती है? क्या सरकार उक्त मार्ग का नवीनीकरण अथवा विशेष मरम्मत करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/329 34 **Shri Akhilesh (Mubarakpur):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र मुबारकपुर में ग्राम सभा पुनर्जी में मेन सड़क से दलित बस्ती तक सड़क मार्ग जर्जर एवं गड्ढायुक्त होने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा होती है? क्या सरकार उक्त मार्ग का विशेष मरम्मत अथवा नवीनीकरण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/330 35 **Shri Akhilesh (Mubarakpur):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र मुबारकपुर के आजमगढ़ गाजीपुर मार्ग से संपर्क मार्ग खेमऊपुर मार्ग क्षतिग्रस्त एवं गड्ढायुक्त होने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ता है? क्या सरकार उक्त मार्ग का नवीनीकरण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/335 36 **Dr. Sangram Yadav (Atrauliya):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ नगर के डालीबाग स्थित चिड़ियाघर गेट नम्बर 02 से गेट नम्बर 01 (चिड़ियाघर के बगल से) को जाने वाला सीमेन्टेड ईट मार्ग क्षतिग्रस्त एवं सीवर लाइन डालने से रोड क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है? क्या सरकार उक्त मार्ग को ठीक करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/337 37 **Shri Abbas Ansari (Mau):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्य मंत्री बताने कि कृपा करेंगे कि जनपद मऊ के विधान सभा क्षेत्र सदर के परदहां ब्लाक के ग्राम पंचायत सरवां से तमसा नदी पुल होते हुए हथनी चट्टी तक लगभग 5 कि0मी0 सड़क क्षतिग्रस्त होने से जिले के तीन ब्लाक परदहां, रतनपूरा एवं कोपागंज के लगभग 50 गांव के लोगों का आवागमन पूरी तरह से प्रभावित है तथा आए दिन दुर्घटना होने के कारण जान एवं माल का नुकसान हो रहा है? क्या सरकार उक्त मार्ग का निर्माण कार्य करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/339** **38** **Shri Abbas Ansari (Mau):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्यमंत्री बताने कि कृपा करेंगे कि जनपद मऊ के विधान सभा क्षेत्र मऊ सदर के रतनपूरा विकास खण्ड में ग्राम सभा मानिकपुर के गहनी मार्ग पर छांगुर नट के खेत के पास बसनही नाले पर पुलिया निर्माण कार्य, ग्राम सभा अरदौना रेहिया नाले पर कपिल यादव के घर के पास खराड़गाड़ी से गरा तालाब पर पुलिया निर्माण कार्य तथा ग्राम सभा मुबारकपुर शारदा सहायक नहर पर राम बासरे यादव के ट्युबवेल के सामने नहर पर पुल का निर्माण कार्य सरकार करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/345** **39** **Dr. Pallavi Patel (Sirathu):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कौशाम्बी के नगर पालिका मंझनपुर के सिराथू तहसील क्षेत्र में अनियोजित आवासीय कालोनी के फैलाव को रोकने के लिए सुनियोजित आवासीय कालोनी हेतु कोई योजना पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/348** **40** **Dr. Pallavi Patel (Sirathu):**

0 **Housing and Urban Planning** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ में गोमती नदी के तट पर बने रिवर फ्रंट को विश्व स्तर का पर्यटन स्थल बनाने की सरकार की कोई योजना है? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/351** **41** **Dr. Sangram Yadav (Atrauliya):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ नगर निगम के जोन 8 अन्तर्गत वृंदावन योजना खारिका

द्वितीय में मकान नंबर 8ए/306 से 8ए पानी की टंकी तक डिवाइडर सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा होती है? क्या सरकार उक्त सड़क नवीनीकरण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/352 42 **Shri Durga Prasad Yadav (Azamgarh):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे की जनपद आजमगढ़ के जैमुतुल मदरसा गुलामी के पुरे के बगल में नाला एवं पुलिया न होने के कारण जल जमाव से आमजन को आवागमन में समस्या हो रही है? क्या सरकार उक्त नाला एवं पुलिया का निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/353 43 **Shri Durga Prasad Yadav (Azamgarh):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ में गल्ला मंडी के सामने से होते हुए सनबीम रेस्ट्रोरेन्ट से पुराणी कोतवाली पावरहाउस के पास तक रोड जर्जर होने के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही है? क्या उक्त गल्ला मंडी को इंटरलॉकिंग एवं नाली  का निर्माण कार्य सरकार करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/354 44 **Shri Durga Prasad Yadav (Azamgarh):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ में गुलामी का पुरा में रेडरोज स्कूल के बगल में मेन रोड तक का रोड जर्जर होने के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा होती है? क्या सरकार उक्त मार्ग का नवनिर्माण कार्य करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/355 45 **Shri Durga Prasad Yadav (Azamgarh):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे की जनपद आजमगढ़ विधान सभा क्षेत्र सदर में हर्रा की चुंगी पर सड़क के दोनों तरफ का नाला जर्जर है, जिससे आमजन मानस को असुविधा हो रही है? क्या सरकार उक्त नाले का निर्माण कार्य करायेगी? यदि हाँ,तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/356 46 **Shri Durga Prasad Yadav (Azamgarh):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ विधान सभा क्षेत्र सदर में कन्हैया के घर से आर0के० गेस्ट हॉउस होते हुए नाले तक रोड जर्जर होने से आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही है? अतः इन्टरलॉकिन्ग एवं नाले की नितांत आवश्यकता है? क्या सरकार उक्त मार्ग का नवनिर्माण कार्य करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/358 47** **Dr. Ajay Kumar (Chhaprauli):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बागपत के ग्राम असारा से भनेडा एवं असारा से ऐलम सम्पर्क मार्गों के नवनिर्माण के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या क-7 नं0-425997 दिनांक 02.12.2025 उन्हें प्राप्त हुआ है? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्रवाई की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/361 48** **Shri Shyam Sunder (Bachhrawan):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रायबरेली के विधानसभा क्षेत्र बछरावां में पुरे मतई मजरे जमुलिया से आम्हा मजरे हिलहा होते हुए माझिगांव सड़क तक लगभग तीन किलोमीटर सड़क का नवनिर्माण कार्य सरकार करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/364 49** **Shri Nahid Hasan (Kairana):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश स्टेट हाईवे द्वारा निर्मित मुजफ्फरनगर सहारनपुर राज्य हाईवे मार्ग पर काली नदी के ऊपर से गुजर रहे पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के एप्रोच रोड जिसको की पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा मुजफ्फरनगर सहारनपुर राज्य हाईवे मार्ग तक निर्मित मार्ग को कब तक राज्य हाई-वे मार्ग से जोड़ दिया जाएगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/369 50** **Shri Rajeev Singh "Parichha" (Babina):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के विधानसभा क्षेत्र के चिरगांव भाण्डेर सम्पर्क मार्ग पर ट्रेनों की आवाजाही के कारण प्रायः यहां का मार्ग बाधित रहता है? यदि हां, तो क्या सरकार झाँसी-लखनऊ रेल मार्ग के क्रम सं. 135 (चिरगांव रेलवे स्टेशन के पास) रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण हेतु वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान

करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/370 51 **Shri Rajeev Singh "Parichha" (Babina):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के विधानसभा क्षेत्र के बड़ागांव भसनेह सम्पर्क मार्ग बुन्देलखण्ड डिफेंस कॉरीडोर को जोड़ता है बेतवा नदी से होकर निकला है जिस पर सेतु का निर्माण न होने से आवागमन हेतु अतिरिक्त दूरी तय करने को विवश हैं? क्या सरकार इस नदी पर सेतु निर्माण हेतु वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/372 52 **श्री राजीव सिंह (पारीछा) (बबीना):**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के विधानसभा क्षेत्र बबीना की नगर पालिका परिषद् बरूआसागर में निवासरत् परिवारों के मकानो व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के नक्शे नगर पालिका द्वारा पास किये जाते थे जिस पर जिला प्रशासन ने रोक लगाकर झाँसी विकास प्राधिकरण झाँसी से नक्शे पास कराने हेतु विगत 03 वर्ष पूर्व आदेश जारी कर दिये थे, जिससे पालिका की आय में कमी आयी है व यहां के निवासियों को नक्शे पास कराने के लिए लगभग 40 किमी. चलकर झाँसी आने में अतिरिक्त समय व आर्थिक व्यय करना पड़ रहा है? क्या सरकार नगर पालिका परिषद् बरूआसागर जनपद झाँसी में नक्शे पास कराने की पूर्व की व्यवस्था लागू करने एवं झाँसी विकास प्राधिकरण झाँसी से नक्शे पास कराने का आदेश निरस्त करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/373 53 **श्री राजीव सिंह (पारीछा) (बबीना):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के विधानसभा क्षेत्र बबीना के बरूआसागर नगर में यातायात अत्यधिक होने के कारण यहां प्रायः ट्रैफिक जाम के निराकरण हेतु बरूआसागर में साहू कृषि फार्म नहर से आरामशीन स्टेशन रोड़ तक बाईपास सम्पर्क मार्ग लगभग 4.50 किमी. का नव निर्माण सरकार करायेगी? क्या सरकार उक्त बाईपास सम्पर्क मार्ग का निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/375 54 **डॉ0 अजय कुमार (छपरौली):**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आगरा स्थित आवास विकास कालोनी स्थित सेन्ट्रल पार्क का नाम वीर गोकुला पार्क रखे जाने के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या 421/आ0स0/वि0स0/2025

दिनांक 22.04.2025 उन्हें प्राप्त हुआ है? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्रवाई की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/376 55 **श्री प्रसन्न कुमार (शामली)ः**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली सदर के अन्तर्गत नगरपालिका शामली के वार्ड नं0- 9 के देवयोग एन्क्लेव में गली नं0- 2 रजवाहा के निकट जयदेव के मकान से बबीता के मकान तक मार्ग लम्बाई लगभग 200 मी0 है, मार्ग कच्चा है एवं आस-पास गंदा पानी भरा रहता है जिससे आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है? क्या सरकार उक्त मार्ग का सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य मुख्यमत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत करायेगी? यदि नही, तो क्यों ?

----

18/15/378 56 **श्री समरपाल सिंह (नौगाँव सादात)ः**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली सदर के मोहल्ला रेलपार के कुड़ाना रोड पर सूरजमल विहार के निकट अनुज कुमार पुत्र जयप्रकाश के मकान के बाहर बिल्कुल गेट के सामने टर्मिनेट हो रही 11000 वोल्ट की लाइन व 63 केवीए ट्रांसफार्मर होने से संभावित दुर्घटना के दृष्टिगत कुड़ाना मार्ग स्थित श्री अनुज कुमार के घर के दूसरी तरफ रोड के पार उक्त 11000 वोल्ट की लाइन व 63 केवीए ट्रांसफार्मर को सरकार स्थानान्तरित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/379 57 **श्री प्रसन्न कुमार (शामली)ः**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि आई.जी.आर.एस संख्या- 40014124008977 जो कतिपय विद्युत उपकेन्द्र परिचालक द्वारा की गयी शिकायत के सम्बन्ध में था, के अन्तर्गत गठित जाँच समिति द्वारा जाँच के उपारान्त की गयी कार्यवाही/ आख्या का विवरण सरकार सदन के पटल पर रखेगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/380 58 **श्री प्रसन्न कुमार (शामली)ः**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद नोएडा अन्तर्गत उपखण्ड अधिकारी- त्रयोदश के आदेश संख्या- 1365/ वि0न0वि0 उपखण्ड /नौ/18 दिनॉक 20/10/2023 के क्रम में उपकेन्द्र परिचालकों का स्थानान्तरण किया गया है? यदि हाँ, तो उक्त आदेश के क्रम

में किन परिचालकों के स्थानान्तरण कहाँ से कहाँ किये गये एवं स्थानान्तरण किये जाने के क्या कारण है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/381 59 **श्री प्रसन्न कुमार (शामली)ः**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली सदर के मोहल्ला रेलपार के कुड़ाना रोड से सदाशिव मन्दिर जाने वाला मार्ग क्षतिग्रस्त है एवं दोनो तरफ नाली न होने के कारण रोड तोडकर जगह-जगह पर पानी निकाला जाता है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त मार्ग एवं नाली की मरम्मत/सुदृढ़ीकरण कार्य वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए समयान्तर्गत कार्य पूर्ण करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/382 60 **श्री विनोद चतुर्वेदी (कालपी)ः**

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जालौन के विधान सभा क्षेत्र कालपी के विकास खण्ड महेवा के ग्राम पिथऊपुर में कोच मंलगा नाला पर पुल का निर्माण कार्य कराये जाने पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/385 61 **श्री समरपाल सिंह (नौगाँव सादात)ः**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली की विधान सभा क्षेत्र शामली की नगर पालिका शामली को वित्तीय वर्ष 2025-26 में कितना बजट प्राप्त हुआ? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त बजट में से कितना खर्च किया जा चुका है एवं कितना शेष हैं? क्या सरकार खर्च किये गये बजट का मदवार विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/386 62 **श्री विनोद चतुर्वेदी (कालपी)ः**

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जालौन के विधानसभा क्षेत्र कालपी में वित्तीय वर्ष 2023-24,2024-25,2025-26 में कितने सड़कों को गढ़डामुक्त योजना के अन्तर्गत गढ़डामुक्त किया गया है? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/403 63 **श्री तुफानी सरोज (केराकत)ः**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश

में बिजली की मांग के अनुरूप कितने मेगावाट बिजली वर्तमान में पैदा हो रही है? क्या सरकार बताएगी कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कितने-कितने घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है? क्या सरकार ने मांग के सापेक्ष विद्युत उत्पादन की योजना बनाई है? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/388 64 **श्री समरपाल सिंह** (**नौगाँव सादात**)**:**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली की विधान सभा क्षेत्र शामली की नगर पालिका शामली को वित्तीय वर्ष 2026-27 में कितना बजट प्राप्त हुआ? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त बजट में से किस –किस मद में कितना बजट आवंटित किया गया है? क्या सरकार उक्त आवंटित बजट का मदवार विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/389 65 **श्री समरपाल सिंह** (**नौगाँव सादात**)**:**

**लोक निर्माण** विधान सभा के प्रथम सत्र -2026 के प्रथम बुधवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-199 के उत्तर के क्रम में क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के झिंझाना से वाया ऊन होते हुए थान भवन तक जाने वाले सडक मार्ग के निर्माण हेतु मै0 रवि कन्सट्रक्सन मुजफ्फरनगर को आवंटित टेण्डर में अनियमितता कर सड़क निर्माण को पूर्ण न कराये जाने के कारण एवं अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार डिबार फर्म मै0 रवि कन्सट्रक्सन मुजफ्फरनगर के विरुद्ध नियमानुसार अब तक क्या कार्यवाही की गयी है? यदि नहीं, तो उक्त डिबार फर्म मै0 रवि कन्सट्रक्सन मुजफ्फरनगर के विरुद्ध कार्यवाही में हो रहे विलम्ब के क्या कारण हैं? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि उक्त सडक मार्ग में हुई वित्तीय हानि की क्षतिपूर्ति मै0 रवि कन्सट्रक्सन मुजफ्फरनगर से करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/390 66 **श्री समरपाल सिंह** (**नौगाँव सादात**)**:**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली में नगरपालिका क्षेत्र शामली के वार्ड संख्या- 9 रेलपार में जिले सिंह के सामने वाली गली मे सतपाल पुत्र मंगत के मकान से कौशल देवी पत्नी स्वर्गीय धीर सिंह के मकान तक सी0 सी0 रोड़ निर्माण किया गया है तथा शेष भाग मे कुछ जगह प्राइवेट इण्टरलाकिंग है तथा कुछ भाग कच्चा है? क्या सरकार के संज्ञान में है कि जिन्होने प्राइवेट इण्टरलाकिंग कराई है वे अक्सर रास्ता अवरुद्ध कर देते हैं? क्या सरकार प्राइवेट इण्टरलाकिंग को हटवाते हुए कविता पत्नी स्व0 विनोद कुमार के मकान तक

शेष रास्ता में भी सी0सी0 रोड़ का निर्माण कार्य वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर पूर्ण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/396 67 **श्री रविदास मेहरोत्रा (लखनऊ मध्य)ः**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नगर पालिका परिषद बांदा के अधिशासी अधिकारी द्वारा की जा रहीं निविदाओं में वित्तीय अनियमितता की जांच कराये जाने व शपथ पत्र प्रस्तुत किये जाने के उपरांत भी जांच अधिकारी द्वारा शिकायतकर्ता को न बुलाये जाने पर जांच अधिकारी को बदले जाने हेतु आईजीआरएस संख्या 60000260053881 विभाग को प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही हुई ? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/398 68 **डॉ0 नीरज बोरा (लखनऊ उत्तर)ः**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नगर निगम लखनऊ के अंतर्गत सीतापुर रोड की प्रारंभ सीमा से मार्ग प्रकाश (स्ट्रीट लाइट) की व्यवस्था नहीं होने से मार्ग पर अंधेरा रहता है? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त मार्ग पर प्रकाश हेतु कोई आदेश पूर्व में निर्गत किया गया है? यदि हां, तो क्या सरकार संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए प्रश्नगत मार्ग पर मार्ग प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/399 69 **डॉ0 नीरज बोरा (लखनऊ उत्तर)ः**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के जयशंकर प्रसाद वार्ड अंतर्गत सेक्टर-क्यू स्थित ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में सीवर व्यवस्था पूर्णतः ध्वस्त हो चुकी है, जिससे स्थानीय निवासियों को गंभीर असुविधा एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है? क्या सरकार उक्त क्षेत्र में नई सीवर लाइन बनवाने का कार्य करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/400 70 **डॉ0 नीरज बोरा (लखनऊ उत्तर)ः**

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के सीतापुर रोड स्थित पुरनिया गांव के समीप वागा हॉस्पिटल के सामने मुख्य मार्ग पर जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था न होने के कारण जलभराव होता है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी असुविधा होती है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर नाले का निर्माण कार्य कराएगी? यदि हाँ, तो कब

तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/402 71 **डॉ0 नीरज बोरा (लखनऊ उत्तर)ः**

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के जानकीपुरम स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे से टेढ़ी पुलिया तक की सर्विस लेन क्षतिग्रस्त एवं संकरी होने के कारण आम जनता को आवागमन में असुविधा हो रही है? क्या सरकार प्रश्नगत सर्विस लेन के चौड़ीकरण एवं मरम्मत का कार्य कराए जाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/410 72 **श्री प्रभुनारायण सिंह यादव (सकलडीह)ः**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद गाजियाबाद में नगर विकास विभाग के माध्यम से संचालित इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा में कार्यरत आउटसोर्स कार्मिकों के मानदेय से नियमानुसार ई0एस0आई0सी0 तथा कर्मचारी भविष्य निधि की कटौती नहीं की जा रही है,तथा मानदेय में नियमानुसार वृद्धि नहीं की जा रही है? क्या सरकार के संज्ञान है कि जनपद स्थित बहरामपुर डिपो का भवन मानक के अनुरूप निर्मित नहीं है, जिसके कारण मात्र 03 वर्षों के अंतराल में ही बिल्डिंग की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है और वहां रख-रखाव तथा कार्यालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का पूर्णतः अभाव है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त एजेंसी की जवाबदेही तय करने, कार्मिकों को सामाजिक सुरक्षा लाभ दिलाने तथा डिपो भवन के निर्माण की गुणवत्ता की उच्च स्तरीय जांच कराकर आवश्यक सुधार करने का विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/413 73 **इंजी0 बृजेश कठेरिया (किशनी)ः**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मैनपुरी की नगर पंचायत किशनी में नगला घासी, बटपरू, नगला मंगत, नगला हरिसिंहपुर, नगला सूखे, पृथ्वीपुर में बारात घर का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त अधूरे निर्माण कार्यों को पूर्ण कराएगी?

----

18/15/414 74 **इंजी0 बृजेश कठेरिया (किशनी)ः**

**लोक निर्माण** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मैनपुरी की विधानसभा किशनी के अंतर्गत वर्तमान में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित कितनी ग्रामीण सड़कें गड्ढायुक्त एवं जर्जर अवस्था में हैं? क्या सरकार को जानकारी है कि उक्त सड़कों पर आवागमन बाधित हो रहा है? यदि हाँ, तो

सरकार उक्त सड़कों की मरम्मत का कार्य कराएगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/417 75 **इंजी0 बृजेश कठेरिया (किशनी):**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ की विधानसभा सरोजनीनगर के अंतर्गत खरिका पंचायत भवन स्थित तालाब का राजस्व अभिलेखों में कुल वास्तविक क्षेत्रफल कितना दर्ज है और वर्तमान में मौके पर कितने भाग पर अवैध कब्जा है ? क्या सरकार उक्त तालाब में वृहद स्तर पर व्याप्त कचरे व गंदगी को हटवाकर एवं अतिक्रमण मुक्त कराकर उसका सुंदरीकरण कराने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/418 76 **श्री तेज प्रताप सिंह (करहल):**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मैनपुरी के करहल विधानसभा क्षेत्र में जर्जर विद्युत तारों और झुक चुके खंभों को बदलने के लिए रिवैम्पड योजना के तहत अब तक क्या प्रगति हुई है और शेष कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/419 77 **श्री तेज प्रताप सिंह (करहल):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मैनपुरी के करहल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण अंचलों को मुख्य मार्गों से जोड़ने वाले संपर्क मार्ग जो जर्जर अवस्था में होने के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही है? यदि हां, तो क्या उक्त मार्ग के पुनर्निर्माण हेतु सरकार की क्या कार्ययोजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यो?

----

18/15/420 78 **श्री तेज प्रताप सिंह (करहल):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मैनपुरी के विकास खंड बरनाहल के ग्राम नगला सेवा (सवैया) से जगन्नाथपुर तक मार्ग जीर्णशीर्ण अवस्था मेंहोने के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही है? क्या सरकार उक्त मार्ग का निर्माण कार्य कराएगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/428 79 **श्री अतुल प्रधान (सरधना):**

**आवास एवं शहरी नियोजन** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि आवास विकास योजनाओं के अन्तर्गत 20 वर्ष से अधिक से चल रहे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं दुकानों का वर्तमान स्थिति के अनुसार नक्शा पास कर बाजार

को वैध करने की किसी योजना पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो जनपद मेरठ के शास्त्रीनगर सेट्रर मार्किट पर वर्षों से कार्यरत दुकानदारों की मदद के लिये सरकार कोई उपाय करेगी ? यदि हॉ, तो कब तक ?

----

18/15/435 80 **इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई (जसराना):**

**वन एवं पर्यावरण** क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद में वायु प्रदूषण की रोकथाम हेतु ऑन-लाइन मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित कराये जाने पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/438 81 **इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई (जसराना):**

**वन एवं पर्यावरण** क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में वर्ष – वार पर्यावरण संरक्षण के नाम पर प्रदेश में सरकार द्वारा जनपद – वार जुर्माने एवं दण्ड के रूप में कितनी धनराशि वसूल की गयी एवं विभिन्न पर्यावरण संरक्षण योजनाओं में प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में वर्ष – वार कितनी धनराशि व्यय की गयी ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/439 82 **श्री जयप्रकाश अंचल (बैरिया):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधानसभा क्षेत्र बैरिया के टी० एस० बन्धा से रतिछपरा सम्पर्क मार्ग जर्जर होने से आम जनमानस को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है? क्या सरकार उक्त मार्ग का निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/444 83 **इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई (जसराना):**

**वित्त एवं संसदीय कार्य** क्या वित्त मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय वित्त अयोग से ऊर्जा क्षेत्र के विकास हेतु कितनी सहायता राशि की माँग की गयी तथा माँग के सापेक्ष कितनी धनराशि वर्ष –वार केन्द्रीय वित्त अयोग द्वारा राज्य सरकार को आवंटित की गयी एवं उक्त आवंटित राशि को वर्ष–वार राज्य सरकार द्वारा किन–किन मदों में कितनी धनराशि व्यय की गयी? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/449 84 **इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई (जसराना):**

**वन एवं पर्यावरण** क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिये वित्तीय वर्ष 2025-26 में किन – किन शहरों में मिया वाकी वन, वर्टिकल गार्डन एवं पार्क विकसित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा वर्तमान में किन- किन शहरों में कितनी धनराशि व्यय कर मियावाकी वन, वर्टिकल गार्डन एवं पार्क विकसित किये जा चुके है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/450 **85** **डॉ0 हृदय नारायण सिंह पटेल** (**सगड़ी**)ः

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मऊ के विकास खण्ड मुहम्मदाबाद गोंहना अंतर्गत हाफिजपुर-बनियापार से बरहदपुर तक पिच मार्ग तथा चिश्तीपट्टी से बरहदपुर (डॉक्टर अनिरुद्ध सिंह के घर ) होते हुए बरहदपुरपुर कुटी (मुहम्मदाबाद गोहना- आजमगढ मुख्य मार्ग) तक पिच मार्ग का निर्माण कार्य कराने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/594 **86** **श्री राहुल राजपूत उर्फ राहुल लोधी** (**हरचंदपुर**)ः

**लोक निर्माण** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में सड़कों के मरम्मतीकरण की सरकार की कोई योजना संचालित हैं ? यदि हां, तो उक्त का विवरण क्या है ? क्या सरकार प्रदेश के क्षतिग्रस्त मुख्य संपर्क मार्गो, अन्य जिला मार्गों का मरम्मतीकरण का कार्य कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/453 **87** **श्री जयप्रकाश अंचल** (**बैरिया**)ः

**लोक निर्माण** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया के दया छपरा नवरंगा मार्ग के बीच गंगा नदी पर पीपे का पुल के स्थान पर पक्का पुल का निर्माण सरकार करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/456 **88** **श्री मोहम्मद हसन रूमी** (**कानपुर कैन्टोनमेंट**)ः

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कानपुर नगर में 'डोर-टू-डोर' कूड़ा कलेक्शन हेतु वर्तमान में कितनी कंपनियां अनुबंधित हैं और उन्हें प्रतिमाह कितना भुगतान किया जा रहा है? क्या यह सच है कि नगर निगम के कई वार्डों (जैसे-बाबूपुरवा,मुंशीपुरवा,बेगमपुरवा,अजीतगंज, सुजातगंज चंदारी,और जाजमऊ) में नियमित कूड़ा उठाव न होने के कारण संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं? सरकार उन कंपनियों के खिलाफ क्या कार्यवाही कर रही है जो

अनुबंध की शर्तों के अनुरूप कार्य नहीं कर रही हैं? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/457 89 **श्री जयप्रकाश अंचल (बैरिया):**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधानसभा क्षेत्र बैरिया के लालगंज में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु 33/11 के0वी0 का विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना सरकार करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/458 90 **श्री स्वामी ओउ्मवेश (चाँदपुर):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेगे कि जनपद बिजनौर की विधान सभा चॅादपुर के ग्राम रसूलपुर नंगला से लेनपुरी शेखपुरी चैहड मार्ग से जटौला जाने वाले खंडजा मार्ग से आमजन मानस को आवगमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है? क्या सरकार उक्त मार्ग का डामरीकरण कराये जाने की योजना पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/459 91 **श्री स्वामी ओउ्मवेश (चाँदपुर):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर की विधान सभा चॅादपुर के ग्राम चाौधेडी से महमूदपुर तक का मार्ग कच्चा होने के कारण आमजन मानस को आवगमन मे परेशानी का सामना करना पड़ता है? क्या सरकार उक्त मार्ग का डामरीकरण कराये जाने की योजना पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/463 92 **श्री श्याम सुन्दर (बछरावां):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रायबरेली विधानसभा क्षेत्र बछरावां में डेपारमऊ-दसवंतपुर मार्ग से बरीबरा व पूरे कूटी मजरे मऊ से ठाकुरपुर मजरे कैड़ावा तक लगभग 2 कि०मीं० सड़क का नवनिर्माण कराने का कार्य सरकार करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/464 93 **श्री श्याम सुन्दर (बछरावां):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेगे कि जनपद रायबरेली के विधानसभा क्षेत्र बछरावां में पूरे अलहदी मजरे मऊ से पूरे नायब मजरे कैड़ावा तक लगभग 2 किलोमीटर सड़क जर्जर होने के कारण आवागमन में आमजन को असुविधा हो रही है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का नवनिर्माण

करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/466 94 **श्री श्याम सुन्दर (बछरावां):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्यमंत्री बताने कृपा करेंगे कि जनपद रायबरेली के विधानसभा क्षेत्र बछरावां में महराजगंज- इन्हौना मार्ग के कटरा कैर चैराहे से गंज होते हुए कोडरी मजरे मोन तक लगभग 2 किलोमीटर जर्जर होने के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही है? क्या सरकार उक्त सड़क का नवनिर्माण कार्य करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/467 95 **श्री श्याम सुन्दर (बछरावां):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्यमंत्री बताने कृपा करेंगे कि जनपद रायबरेली के विधानसभा क्षेत्र बछरावां में कुशमहुरा रोड से बालीपुर होते हुए कठीगंर मजरे मुरैनी तक लगभग 2 किलोमीटर जर्जर होने के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही है? क्या सरकार उक्त सड़क का नवनिर्माण कार्य करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/469 96 **श्री अनिल प्रधान (चित्रकूट):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट के देवांगना से पटेल तिराहे तक संपर्क मार्ग की कार्यदाई फर्म का विवरण क्या है तथा उक्त कार्यदाई फर्म द्वारा 1 अप्रैल 2022 से 08 जनवरी 2026 तक उत्तर प्रदेश में किन किन स्थानों पर कितनी लागत के कार्य कराए गए? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि उक्त कार्यदाई फर्म द्वारा कराए गए कार्यों की शासन स्तर से कभी टी0ए0सी0 जांच कराई गई है? यदि हां,तो उसका विवरण क्या है? क्या सरकार देवांगना से पटेल तिराहे तक संपर्क मार्ग एवं नाला निर्माण में अनियमितता की टी0ए0सी0 जांच कराएगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/475 97 **श्री रामखिलाड़ी सिंह (गुन्नौर):**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद संभल के विधान सभा क्षेत्र गुन्नौर के अन्तर्गत ग्राम मड़कावली के आस पास 70 ग्रामों की विधुत आपूर्ति 33/11 के. वी. विधुत उपकेंद्र जरीफनगर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. जनपद बदायूँ से की जा रही है , जिससे बदायूँ से जुड़े ग्रामों को विजली मिल रही है किन्तु जनपद संभल ग्राम मड़कावली के क्षेत्र को बिजली नहीं मिल रही है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विषय को ध्यान में रखते हुए विधान सभा गुन्नौर के अन्तर्गत मड़कावली

ग्राम में 33/11 के. वी. विधुत उपकेंद्र बनाने का कार्य करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/482 98 **श्री अखिलेश (मुबारकपुर):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र मुबारकपुर के जहानागंज दौलताबाद संपर्क रोड से ग्राम सभा धरमपुर संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त एवं गड्ढायुक्त होने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ता है? क्या सरकार उक्त मार्ग का नवीनीकरण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/485 99 **डॉ0 संग्राम यादव (अतरौलिया):**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के विधानसभा क्षेत्र लखनऊ पश्चिम के वार्ड हैदरगंज 03 के अंतर्गत मोहल्ला मुन्नूखेड़ा (कुल्हरकट्टा), सदरौना रोड के प्राथमिक विद्यालय धनहरखेड़ा के सामने से श्रीमती नीता तिवारी पत्नी कृष्ण कुमार के घर तक नाली व सी.सी. मार्ग बनाए जाने के संबंध में नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ के पत्र दिनांक 17.11.2025 में आंकलित व्ययानुमान रुपया 80.55 लाख तैयार किया गया है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्ग हेतु वित्तीय संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुये नाली व सी.सी. मार्ग का निर्माण कराये जाने की समयसीमा निर्धारित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/487 100 **मो0 फहीम इरफान (बिलारी):**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जिला मुरादाबाद में ग्राम पंचायत रुस्तम नगर सहसपुर को नगर पंचायत का दर्जा देने का प्रस्ताव सरकार के समक्ष विचाराधीन है? यदि हां, तो क्या सरकार किसी निश्चित अवधि में ग्राम पंचायत रुस्तम नगर सहसपुर को नगर पंचायत का दर्जा देने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/491 101 **श्री समरपाल सिंह (नौगाँव सादात):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली सदर के पुलवामा शहीद अमित कोरी मार्ग/शामली से मंसूरपुर वाया भोरा कला मार्ग के दोनो तरफ रोड सेफ्टी के मानकों के अनुसार सफेद पट्टी धुंधली/ क्षतिग्रस्त है? क्या सरकार रोड सेफ्टी के मानकों के अनुसार उक्त मार्ग में सफेद पट्टी बनवायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/492 102 **श्री समरपाल सिंह (नौगाँव सादात):**

**लोक निर्माण** विधान सभा के प्रथम सत्र -2026 के प्रथम बुधवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-199 के उत्तर के क्रम में क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के झिंझाना से वाया उन होते हुए थान भवन तक जाने वाले सडक मार्ग के निर्माण समयान्तर्गत पूर्ण न किये जाने के कारण मै0 रवि कन्सट्रक्सन मुजफ्फरनगर को एक वर्ष हेतु डिबार करते हुए अनुबन्ध के अन्तिमीकरण के पश्चात नई निविदा किस फर्म को प्राप्त हुई है? सरकार उक्त मार्ग का निर्माण कब तक पूर्ण करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/498 103 **श्री दुर्गा प्रसाद यादव (आज़मगढ़):**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे की जनपद आजमगढ़ में हीरापट्टी में मेनरोड से प्रभात सिंह के घर से होते हुए ब्रह्म स्थान तक रोड जर्जर होने के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही है? क्या सरकार उक्त मार्ग का नवनिर्माण कार्य कराएगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/499 104 **श्री सर्वेश सिंह (सिरसागंज):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के विधानसभा क्षेत्र नसीरपुर कट से बटेश्वर तक मार्ग का चौड़ीकरण प्रस्तावित है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मार्ग के आगे का मार्ग नसीरपुर कट से शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन मार्ग जो अत्यंत ही व्यस्तम एकल मार्ग है पर आये दिन पशुओ व वाहनों से दुर्घटना घटित होती रहती है ? क्या सरकार उक्त शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन तक का मार्ग चौड़ीकरण कराये जाने हेतु कार्ययोजना में सम्मिलित कराये हुये चौड़ीकरण कराये जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/500 105 **श्री सर्वेश सिंह (सिरसागंज):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के विधानसभा क्षेत्र सिरसागंज में ब्लॉक मदनपुर के अन्तर्गत नसीरपुन्छा मार्ग (पटना कर्खा) से फतेहपुर नसीरपुर व आगरा लखनऊ एक्सप्रेस के अंडरपास से होते हुये गुढ़ा गढ़सान मार्ग तक मार्ग लगभग 05 किमी0 लम्बा एव संकरा मार्ग है जिससे आयेदिन दुर्घटना घटित होती रहती है ? क्या सरकार जनहित में उक्त मार्ग का चौड़ीकरण कराये जाने हेतु कोई कार्यवाही करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ?

----

18/15/501 106 **श्री सर्वेश सिंह (सिरसागंज)ः**

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज में जनवरी, 2022 से 24 मार्च 2026 तक कितनी सड़कें नव निर्मित हुई तथा कितनों का पुनः निर्माण कराया गया एवं कितनों का मरम्मत कार्य कराया गया तथा उक्त पर कितना धन व्यय किया गया एवं कितने मार्गों पर शिलान्यस पट्टिका/प्रस्ताव बोर्ड स्थापित कराये गये है? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ?यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/502 107 **श्री सर्वेश सिंह (सिरसागंज)ः**

**वन एवं पर्यावरण** क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विगत चार वर्ष में विशेष कार्यक्रम चलाकर वर्ष-वार कुल कितने पौधे रोपित किए गए एवं उक्त पौधो में से वर्तमान में कुल कितने पौधे / वृक्ष जीवित है ? क्या सरकार जनपद-वार रोपे गये पौधों तथा उक्त वृक्षारोपण के कार्यक्रम पर व्यय की गई धनराशि का वर्ष-वार विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं तो क्यों?

----

18/15/503 108 **श्री सर्वेश सिंह (सिरसागंज)ः**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद की विधानसभा सिरसागंज में नगर सृजित योजना एवं नगर सुदृढ़ीकरण योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 व 2025-26 में कितने कार्य कराये गये ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/504 109 **श्री दुर्गा प्रसाद यादव (आज़मगढ़)ः**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे की जनपद आजमगढ़ में मुकेरिगंज में अशोक मौर्य के घर से तारिक के घर से होते हुए मस्जिद  के पास तक रोड क्षतिग्रस्त होने के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही है? क्या सरकार उक्त क्षेत्र में इण्टरलॉकिंग एवं नाली का निर्माण कार्य कराएगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/505 110 Shri Durga Prasad Yadav (Azamgarh)ः

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे की जनपद आजमगढ़ में मोहल्ला कुंदिगढ़ में श्री राजेश शर्मा के माकन से गाजी

दलेल का कब्रिस्तान होते हुए बंधा बाईपास होते हुए रेगुलेटर के पास तक रोड क्षतिग्रस्त है तथा उक्त क्षेत्र में 550 मी0 पक्की सड़क एवं नाली न होने के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही है? क्या सरकार उक्त क्षेत्र में पक्की सड़क व नाली का निर्माण कराएगी? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/506 111 **Shri Durga Prasad Yadav (Azamgarh):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ में मोहल्ला कुंदिगढ़ मलिन बस्ती में श्री गणेश राम के मकान से श्री सुनील सेठ के मकान होते हुए पदुम विश्वकर्मा के मकान तक के पास तक रास्ता क्षतिग्रस्त होने के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही है? क्या सरकार उक्त क्षेत्र में पक्की सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य कराएगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/507 112 **Shri Durga Prasad Yadav (Azamgarh):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ में शहर के अन्दर आराजीबाग होते हुए जोधिकापुरा से बिलरियागंज चुंगी तक सड़क बहुत ही छतिग्रस्त है जिससे जनमानस को काफी कठिनाइयो का सामना करना पड़ता है? क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त सड़क के जीर्णोद्धार का कार्य करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/508 113 **Shri Persann Kumar (Shamli):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के विधान सभा क्षेत्र सरोजनीनगर में मेजर पुष्पेन्द्र नगर संस्कार रेजीडेन्सी में श्री राजेश सिंह चौहान के घर से श्री शैलेश सिहं के घर तक सड़क व नाली का निर्माण न होने के कारण क्षेत्र के निवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है? क्या सरकार उक्त क्षेत्र में मार्ग एवं नाली का निर्माण करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/509 114 **Dr. Neeraj Bora (Lucknow North):**

0 **Energy, Additional Sources of Energy** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के जानकीपुरम स्थित सहारा ग्रेस अपार्टमेंट गेट से जानकीपुरम गार्डन की ओर जाने वाली मुख्य सड़क के मध्य स्थित कतिपय विद्युत पोलों के कारण सड़क का चौड़ीकरण बाधित है तथा नागरिकों को

आवागमन में असुविधा हो रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्युत पोल हटाए जाने की कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/510** **115** **Dr. Neeraj Bora (Lucknow North):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के डालीगंज के मौसमबाग रामलीला स्थल के पीछे से गुजर रहा बड़ा नाला जर्जर व अतिक्रमण से युक्त है तथा इक्का स्टैंड से डालीगंज बाजार जाने वाली सड़क के बायीं ओर नाला खुला हुआ है? यदि हाँ, तो क्या सरकार प्रश्नगत नाले से अवैध अतिक्रमण हटाकर आर.सी.सी. रिटेनिंग वॉल का निर्माण कराने एवं नाले को ढकने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/512** **116** **Dr. Neeraj Bora (Lucknow North):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ के मड़ियांव गाँव स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य विगत लगभग आठ वर्षों से लंबित है तथा तालाब पर अवैध अतिक्रमण भी विद्यमान है? क्या सरकार अतिक्रमण हटाकर सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण कराने एवं कार्य में उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/513** **117** **Dr. Neeraj Bora (Lucknow North):**

0 **Housing and Urban Planning** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ में पक्का पुल से मड़ियांव तक की सड़क जो राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-24 वर्तमान में राज्य लोक निर्माण विभाग के अधीन हो गयी है? यदि हां, तो क्या लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा राज्य लोक निर्माण विभाग की सड़क से 45 मीटर पर स्थित भूमि पर भवन निर्माण का मानचित्र स्वीकृत किया जाना आरंभ करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/517** **118** **Dr. Pallavi Patel (Sirathu):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कौशाम्बी के नगर पालिका परिषद मंझनपुर के असकरनपुर मंगरोहनी में राजेंद्र खरे की बाग से रजत खरे के मकान तक स्ट्रीट लाइट लगा दी गई है? यदि नहीं, तो उक्त के क्या कारण है? क्या सरकार रजत खरे के मकान तक स्ट्रीट लाइट लगवायेगी? यदि हाँ, तो कब तक?

----

**18/15/529** **119** **Shri Manish Asija (Firozabad):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि फिरोजाबाद में 103 नगर निगम संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति करने एवं बकाया वेतन का भुगतान कराने के संदर्भ में लेवर कोर्ट द्वारा दिनांक 09.09.2013 को व हाई कोर्ट द्वारा दिनांक 23.11.2016 को नगर निगम को आदेशित किया एवं उसके उपरांत दिनांक 04.11.2025 को माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा लेवर कोर्ट एवं हाई कोर्ट के आदेशों का अनुपालन करते हुए नियुक्ति एवं बकाया वेतन का भुगतान कराने हेतु आदेशित किया परंतु अभी तक कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं की गई एवं बकाये वेतन का भुगतान भी नहीं किया गया है? क्या सरकार उक्त संविदा कर्मचारियों को मा० न्यायालय के आदेशानुसार नियुक्ति कराए जाने और बकाए वेतन का भुगतान करेगी? यदि यहां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/530 120** **Shri Manish Asija (Firozabad):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के वर्तमान में तैनात अधिशासी अभियंता के भ्रष्ट आचरण एवं विकास कार्यों में की जा रही लापरवाही के सम्बन्ध में जांच कराने हेतु प्रश्नकर्ता का मुख्यमंत्री एवं प्रमुख सचिव श्रम विभाग को प्रेषित पत्रांक क्रमशः क–7 111786 एवं क–7 358707 दिनांक 15/12/2025 प्रात हुये हैं ? यदि हाँ तो उक्त पर अब तक क्या कार्रवाई हुई है? विवरण देने का कष्ट करें? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/531 121** **Shri Manish Asija (Firozabad):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नगर निगम फिरोजाबाद में मुहम्मदगंज से गुजरने वाले सर्कुलर रोड मुख्य नाले का नादिर एण्ड क० कारखाने से सटा हुआ भाग विगत 7-8 वर्षों से क्षतिग्रस्त है? क्या सरकार के संज्ञान में है कि उक्त के कारण जल निकासी का प्रवाह अवरुद्ध होता है? क्या सरकार उक्त नाले के इस ध्वस्त भाग का पुनः निर्माण कराए जाने का कार्य करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/532 122** **Shri Manish Asija (Firozabad):**

0 **Housing and Urban Planning** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद में ग्राम उसायनी में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास पूर्णतः तैयार हो गए हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त आवास लाभार्थियों को सौंपे जाने हेतु कोई समय सीमा निर्धारित की है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/533 123 **Shri Manish Asija (Firozabad):**

0 **Forest and Environment** क्या वन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद में ग्राम रपड़ी में स्थित रपडी इको टूरिज्म के अवस्थापना उन्नयन के लिए नए विकास कार्य कराए जाने पर विचार सरकार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/534 124 **Shri Prabhu Narayan Yadav (Sakaldiha):**

0 **Energy, Additional Sources of Energy** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चन्दौली के विधानसभा सकलडीहा के सुदूर गांवों और मुख्य चौराहों पर प्रकाश व्यवस्था हेतु सोलर लाइट लगाने का क्या लक्ष्य निर्धारित है? क्या सरकार उन गांवों को प्राथमिकता देगी जहां अभी तक स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नगण्य है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/536 125 **Shri Prabhu Narayan Yadav (Sakaldiha):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-2026 में गड्ढा मुक्ति अभियान के अंतर्गत गड्ढा मुक्त की गई सड़कों में पुन गड्ढा हो जाने के लिए जिम्मेदार कितने लोगों पर धन के दुरुपयोग हेतु विगत 5 वर्ष में दंडात्मक कार्यवाही की गई? क्या सरकार उक्त की पुनरावृत्ति रोकने हेतु कोई योजना प्रचलित अथवा प्रस्तावित है? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/538 126 **Shri Jai Kumar Singh Jaiki (Bindki):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश की राजधानी लखनऊ से जनपद फतेहपुर, बाँदा एवं बुन्देलखण्ड जाने हेतु दो मार्गों वाया कानपुर तथा वाया बछरावाँ एवं लालगंज मार्गों में लगने वाले ट्रैफिक जाम एवं ट्रैफिक लोड को कम करने के दृष्टिगत लखनऊ-मोहनलालगंज से वाया चन्द्रिका देवी बक्सर, बिन्दकी, ललौली होते हुए बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे तक फोर लेन सड़क के निर्माण कराने हेतु पी.सी.यू. के निर्धारित मानकों में शिथिलीकरण प्रदान करते हुए निर्माण करने पर विचार करेगी?? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/539 127 **Shri Jai Kumar Singh Jaiki (Bindki):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फतेहपुर के विधान सभा क्षेत्र बिन्दकी के अंतर्गत भगवंतपुर से धारूपुर तक (दूरी - 2.5 किमी) जोनिहा मार्ग से धारूपुर तक (दूरी - 1.5 किमी) सकत

हिम्मतपुर (जूनि० हाईस्कूल) से अस्ता तक (दूरी - 1.5 किमी) रावतपुर रोड से बैजानी होते हुए भगवंतपुर तक (दूरी - 4 किमी) लालपुर से गौशाला होते हुए बैजानी तक (दूरी - 1 किमी) धारूपुर से केशवपुर तक (दूरी - 2.5 किमी) जर्जर होने कारण आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही है? क्या सरकार उक्त मार्गों हेतु वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करवाते हुए निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराएगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/542 128 **Shri Prabhu Narayan Yadav (Sakaldiha):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के विधानसभा क्षेत्र सरोजनीनगर के अंतर्गत सुभानीखेड़ा से मौहरी बाग होते हुए घुसियाना मार्ग तक सड़क अत्यंत संकीर्ण होने तथा सघन जनसंख्या वाले क्षेत्र में वाहनों के दबाव के कारण आम जनमानस को आवागमन में हो रही असुविधा से सरकार अवगत है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित को दृष्टिगत रखते हुए उक्त मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य कराने पर विचार करेगी? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि मौहारीबाग मस्जिद से खान मार्केट तक के मार्ग पर स्थित खुले एवं गहरे नाले, जिससे जनहानि एवं दुर्घटना की आशंका सदैव बनी रहती है, को ढकवाने का कार्य कराएगी? यदि हाँ, कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/543 129 **Shri Jawahar Lal Rajput (Garautha):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झाँसी के गुरसरांय तथा गरौठा में पेय जल पुनर्गठन योजना संचालित है? यदि हां, तो क्या सरकार गुरसरांय, गरौठा नगरों में आमलोगों को 2026 के गर्मियों के मौसम में पेयजल सुचारू रुप से उपलब्ध कराएगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/544 130 **Shri Jawahar Lal Rajput (Garautha):**

0 **Energy, Additional Sources of Energy** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के गरौठा विधान सभा क्षेत्र में गरौठा, मारकुआँ, चौथामील, गुरसरांय, ककरवई, खड़ैनी, कुरैठा एवं बामौर आदि क्षेत्रों में किसानों को सिचाई हेतु नलकूपों में लो वोल्टेज की सप्लाई होने के कारण विद्युत मोटरें नहीं चल पाती है? यदि हां, तो उक्त लो वोल्टेज की समस्या के निराकरण हेतु कोई समयसीमा निर्धारित की गई है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/545 131 **Shri Jawahar Lal Rajput (Garautha):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के गरौठा विधान सभा क्षेत्र में जर्जर/खराब सड़कों का पुनर्निर्माण/विशेष मरम्मत/मरम्मत/ गड्ढामुक्त//सुदृढ़ीकरण कराये जाने विषयक प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को सम्बोधित प्रश्नकर्ता का पत्रांक क- 7 नं. 568016 दिनांक 11. 03.2025 उन्हे प्राप्त हुआ है? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

**18/15/551 132** **Shri Nahid Hasan (Kairana):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली में तीतरवाड़ा से मामौर तक लगभग 02 किलोमीटर लम्बे मार्ग पर जलभराव होने से स्थानीय नागरिकों, किसानों, स्कूली बच्चों एवं आपातकालीन सेवाओं को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है? क्या सरकार उपरोक्त मार्ग के जल निकासी हेतु नाला निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/552 133** **Shri Shazil Islam Ansari (Bhojipura):**

0 **Housing and Urban Planning** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नगर क्षेत्र में निजी भूमि पर बिना अनुमति अथवा बिना नक्शा पास कराए बने भवन ढ़हाने से भवन स्वामियों को होने वाली आर्थिक हानि से सरकार परिचित है? यदि हां, तो क्या सरकार ऐसे मामलों में शमन शुल्क वसूल कर भवन स्वामियों को अनावश्यक नुक़सान से बचाना सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/554 134** **Shri Shazil Islam Ansari (Bhojipura):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिनियम 2016 की भावना के अनुरूप नगर विकास परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा महानगरों में चलाई जा रही यलो इलेक्ट्रिसिटी राजकीय बस सेवा में दिव्यांग जनों को किराए में छूट नहीं देने से सरकार परिचित है? यदि हां, तो क्या सरकार महानगरों में चलाई जा रही यलो इलेक्ट्रिसिटी राजकीय बस सेवा में दिव्यांग जनों को किराए में छूट देने की योजना बनाएगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/562 135** **Mrs. Naseem Solanki (Sishamau):**

0 **Housing and Urban Planning** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एन0सी0आर0) की तर्ज़ पर प्रदेश की राजधानी

लखनऊ और आसपास के क्षेत्र को सम्मलित करते हुए राज्य राजधानी क्षेत्र (एस0सी0आर0) विकसित करने की कोई योजना सरकार ने बनाई है? यदि हां, तो उक्त का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/563 136 **Er. Brajesh Katheriya (Kishani):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के विधानसभा सरोजनीनगर के अंतर्गत तेलीबाग में चंद्रा विहार खारिका सर्वांगीण विकास पब्लिक इंटर कॉलेज से श्रीमती सुशीला सिंह पत्नी श्री अखिलेश कुमार सिंह के यहां तक स्ट्रीट लाइट ना होने से रात्रि में आवागमन में अत्यधिक कठिनायों का सामना करना पड़ता है? क्या सरकार उक्त मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगवाने का कार्य करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/568 137 **Er. Sachin Yadav Urf Jakhai (Jasrana):**

0 **Energy, Additional Sources of Energy** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में प्रत्येक घरों में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाये जाने की तय समय सीमा क्या है तथा वर्तमान में कितने घरों में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/572 138 **Er. Sachin Yadav Urf Jakhai (Jasrana):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ स्थित के.डी. सिह बाबू स्टेडियम में स्मार्ट सिटी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में बनाये गये जौगिंग ट्रैक के निर्माण के छः माह के अन्दर उखड़ने की शिकायत प्रश्नकर्ता द्वारा पिछले वर्ष की गई थी? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा दोषी ठेकेदार एवं अधिकारियों पर कार्यवाई की गई है ? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/577 139 **Er. Sachin Yadav Urf Jakhai (Jasrana):**

0 **Energy, Additional Sources of Energy** क्या उर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विद्युत विभाग में तैनात संविदा कर्मचारियों का मानदेय महंगाई के दृष्टिगत रू 18000 /- प्रतिमाह करने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/581 140 **Er. Sachin Yadav Urf Jakhai (Jasrana):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के सभी शहरी निकायों में कर्मचारियों के कुल कितने पद रिक्त है? क्या सरकार इन पदों को भरने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/585 141 **Er. Sachin Yadav Urf Jakhai (Jasrana):**

0 **State Taxes and Registration** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में काँच उद्योग को राहत देने हेतु जी0एस0टी0 की दर को 04 प्रतिशत करने के प्रस्ताव को भारत सरकार को भेजने पर पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों,?

----

18/15/588 142 **Shri Jai Prakash Anchal (Bairia):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधानसभा क्षेत्र बैरिया के ग्राम पंचायत दुधैला के दलित बस्ती के सामने जमुना ड्रेन पर आवागमन के लिए पक्का पुल का निर्माण सरकार करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/593 143 **श्री जयप्रकाश अंचल (बैरिया):**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में लाइनमैन या अन्य विद्युत कर्मियों की करंट लगने से मौत होने पर उनके आश्रितों को कितना मुआवजा दिये जाने का क्या प्राविधान है? क्या सरकार विद्युत कर्मियों का स्थायी बीमा कराने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/600 144 **श्री मोहम्मद हसन रूमी (कानपुर कैन्टोनमेंट):**

**आवास एवं शहरी नियोजन** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि कानपुर मेट्रो के प्रथम चरण (आई आई टी से मोतीझील) में यात्रियों की संख्या अनुमानित लक्ष्य से काफी कम (लगभग 8000-10000 प्रतिदिन) है? क्या सरकार मेट्रो निर्माण के कारण जी.टी. रोड और अन्य प्रमुख चौराहों पर लगने वाले भीषण जाम से निपटने के लिए कोई वैकल्पिक 'ट्रैफिक रिरूटिंग' योजना प्रभावी रूप से लागू की गई है? यदि हां, तो क्या? यदि नही,तो क्यों?

----

18/15/601 145 **श्री मोहम्मद हसन रूमी (कानपुर कैन्टोनमेंट):**

**वन एवं पर्यावरण** क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि कानपुर के पनकी और दादा नगर औद्योगिक क्षेत्रों में वायु और जल प्रदूषण के स्तर की निगरानी के लिए कितने 'रियल-टाइम मॉनिटरिंग स्टेशन' क्रिया शील हैं? क्या

सरकार की जानकारी में है कि यहां की औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले कचरे के कारण आस-पास के गांवों का भूजल 'पीला और जहरीला' हो गया है? यदि हां, तो सरकार ने उक्त के निराकरण के लिए क्या उपाय किये हैं? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/617 146 **मो0 फहीम इरफान (बिलारी):**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुरादाबाद के तहसील बिलारी क्षेत्रांतर्गत ग्राम ग्वारखेड़ा के मुख्य प्रवेश मार्ग पर हो रहे जल भराव के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही है? यदि हां, तो क्या सरकार किसी निश्चित अवधि में उक्त जल भराव की समस्या के निराकरण सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/620 147 **श्रीमती नसीम सोलंकी (सीसामऊ):**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विगत 5 वर्षों में कितने सफाई कर्मियों की मौत सीवर एवं सेप्टिक टैंक सफाई करने में हुई है? क्या सरकार किसी निश्चित अवधि तक तकनीक आधारित उपकरणों से सफाई कराना सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/625 148 **डॉ0 नीरज बोरा (लखनऊ उत्तर):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-24 का कुछ हिस्सा, जो पक्का पुल/हार्डिंग ब्रिज से आरंभ होता है, वर्तमान में राज्य लोक निर्माण विभाग के अधीन हो गया है? यदि हां, तो उक्त से संबंधित आदेश का विवरण क्या है? क्या सरकार राज्य लोक निर्माण विभाग द्वारा अपने अधीन लिए गये प्रश्नगत मार्ग से सम्बंधित जीर्णोद्धार आदि कार्य कराएगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/626 149 **डॉ0 नीरज बोरा (लखनऊ उत्तर):**

**आवास एवं शहरी नियोजन** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ विकास प्राधिकरण की जानकीपुरम योजना , विद्युत की हाइटेंशन लाइन हटाये बिना बना दी गई थी तथा वर्तमान में जानकीपुरम सेक्टर-एफ स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज विद्युत उपकेन्द्र से निकलने वाली हाईटेंशन विद्युत लाइन भवनों एवं लक्ष्मण गौशाला के ऊपर से गुजर रही है? यदि हाँ, तो क्षेत्रवासियों की जन-धन हानि की संभावित आशंका को दृष्टिगत रखते हुए उक्त हाईटेंशन लाइन को भूमिगत अथवा अन्यत्र शिफ्ट करने का व्यय भार लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा वहन किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/627 150 **डॉ0 नीरज बोरा (लखनऊ उत्तर)ः**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के जानकीपुरम सेक्टर-एफ स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज विद्युत उपकेन्द्र से निकलने वाली हाईटेंशन विद्युत लाइन भवनों एवं लक्ष्मण गौशाला के ऊपर से गुजर रही है तथा उक्त हाईटेंशन लाइन को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने के संबंध में प्रश्नकर्ता द्वारा प्रबंध निदेशक, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को प्रेषित, पत्रांक क-6 नं० 256883, दिनांक 21.09.2018 उन्हें प्राप्त हुआ है? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/628 151 **श्री शहज़िल इस्लाम अंसारी (भोजीपुरा)ः**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के नगर निकायों एवं ग्रामीण निकायों को विकास हेतु आबादी के आधार पर धनराशि दी जाती है? यदि हां, तो क्या नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों को दी जा रही धनराशि में तुलनात्मक दृष्टि से भेद समाप्ति की योजना सरकार बनाएगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/631 152 **श्री शहज़िल इस्लाम अंसारी (भोजीपुरा)ः**

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश स्टेट हाईवे अथॉरिटी में कितने लोग वर्तमान समय में तैनात हैं तथा उक्त तैनात लोगों की वार्षिक वेतन धनराशि कितनी है? उत्तर प्रदेश स्टेट हाईवे अथॉरिटी द्वारा विगत पांच वर्षों में कितनी धनराशि को निर्माण कार्यों में व्यय किया है? क्या सरकर किसी निश्चित अवधि में उत्तर प्रदेश स्टेट हाईवे अथॉरिटी का विलय लोक निर्माण विभाग में करना सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/633 153 **डॉ0 नीरज बोरा (लखनऊ उत्तर)ः**

**आवास एवं शहरी नियोजन** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ के पहाड़पुर ग्राम, जो वर्तमान में लखनऊ विकास प्राधिकरण के जानकीपुरम सेक्टर-जे योजना के अंतर्गत आता है, वहां स्थित श्मशान भूमि से संबंधित विवाद का अब तक समाधान नहीं किया जा सका है? क्या सरकार द्वारा उक्त विवाद के स्थायी समाधान हेतु कोई ठोस कार्ययोजना निर्धारित की गई है? यदि हाँ, तो उसकी समय-सीमा क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/634 154 **डॉ0 नीरज बोरा (लखनऊ उत्तर):**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ उत्तर क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम लखनऊ के दाउदनगर की खसरा संख्या-319 आबादी के मध्य स्थित है तथा उक्त भूमि पर विगत कई दशकों से परम्परागत रूप से रामलीला का आयोजन किया जाता रहा है? क्या सरकार उक्त रिक्त भूमि को जनभावनाओं एवं सांस्कृतिक आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए रामलीला पार्क के रूप में विकसित किए जाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/823 155 **इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई (जसराना):**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में जनपद-वार भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत कितने गाँवों को सोलर प्लाट लगाने हेतु लोन दिया गया है एवं कितने सोलर प्लाट स्थापित किये गये है तथा कितने लोगों को सब्सिडी की राशि हस्तांतरित की गयी है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/652 156 **श्री जवाहर लाल राजपूत (गरौठा):**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों की भांति उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड के कर्मचारियों को समस्त चिकित्सालय/नर्सिंग होम्स/मेडिकल सेंटर आदि में इलाज कराने पर निर्धारित दर पर चिकित्सा प्रतिपूर्ति की जाती है? यदि नहीं, तो उक्त के क्या कारण है? क्या सरकार कार्यालय ज्ञाप सं० 2528-औ०सं०/2012-11(4) एफ/86 (टी०सी०-2010) दिनांक 22 अगस्त, 2012 निरस्त कर 70% प्रतिपूर्ति के स्थान पर 100% करते हुए नया कार्यालय ज्ञाप जारी करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/654 157 **श्री आशु मलिक (सहारनपुर):**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगें कि जनपद सहारनपुर के नगर निगम में विस्तारित 32 गाँव तथा आउटर कॉलोनियों में अमृत योजना 1.0 के अंतर्गत कराये गये सीवर पम्पिंग स्टेशन, नलकूप वितरण प्रणाली तथा भूमिगत पेयजल पाइप लाइन का निर्माण के बाद भी उक्त क्षेत्र के निवासियों की मूलभूत आवश्यकताएँ पूर्ण नहीं हो पा रही हैं? क्या सरकार इन कार्यों का पुनः सर्वे तथा जाँच स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में कराकर कार्य के गुणवत्ता की जाँच रिपोर्ट सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/656 158 श्री आशु मलिक (सहारनपुर)ः**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगें कि प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या-क-7 नं0 527053, जो कि मुख्यमंत्री को सम्बोधित है तथा विधान सभा सहारनपुर देहात के अंतर्गत नगर निगम सहारनपुर क्षेत्र में जल निकासी हेतु पत्र में वर्णित स्थानों पर सी0सी0 नाले के निर्माण से संबंधित है, उन्हें प्राप्त हुआ है? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/658 159 श्री विनोद सरोज (बाबागंज)ः**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र संख्याः- ख-7 न0 55249, दिनांक 11.02.2026 जो कि जनपद प्रतापगढ़ अंतर्गत नगर पंचायत कुण्डा में बिहार मार्ग पर नव जीवन हास्पिटल से तिलौरी सद्दू का पुरवा तक सी0सी0 मार्ग (लम्बाई 300 मी * 5 मी) की वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के विषयक था, उन्हें प्राप्त हुआ है? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/662 160 श्री जवाहर लाल राजपूत (गरौठा)ः**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में किसानों को रबी फसल में सिंचाई हेतु अस्थायी विद्युत कनेक्शन दिये जाते हैं? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त की भांति खरीफ फसल की सिंचाई हेतु भी अस्थायी विद्युत कनेक्शन देने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/664 161 श्री अनिल प्रधान (चित्रकूट)ः**

**लोक निर्माण** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट के विकासखंड कर्वी में ग्राम रौली से ग्राम पतौडा तक संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य सरकार कराएगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों

----

**18/15/667 162 श्री अनिल प्रधान (चित्रकूट)ः**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट के ग्राम पंचायत घुरेटनपुर के मजरा बगैहा में रामस्वरूप के पुरवा में विद्युतीकरण न होने के कारण आमजन को असुविधा हो रही है? क्या सरकार उक्त में विद्युतीकरण का कार्य कराएगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/668 163 **श्री अतुल प्रधान (सरधना):**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही आबादी को दृष्टिगत रखते हुए आबादी के मध्य में आ रही विद्युत लाईनों को सरकार शिफ्ट कराने की कार्य योजना बनायेगी? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/674 164 **श्री जयप्रकाश अंचल (बैरिया):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधानसभा क्षेत्र बैरिया के रामगढ़ से बलिहार होकर नवकागांव तक जाने वाला मार्ग जर्जर होने के कारण आमजन कोआवागमन में कठिनाई हो रही है? क्या सरकार उक्त मार्ग का नव निर्माण कार्य कराएगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/675 165 **श्री जयप्रकाश अंचल (बैरिया):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधानसभा क्षेत्र बैरिया के रामगढ़ से बलिहार होकर नवकागांव आने वाले मांर्ग पर बलिहार गांव स्थित पुलिया जर्जर होने के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही है? क्या सरकार उक्त स्थान पर नई पुलिया बनाने हेतु धन आवंटन करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/676 166 **श्री जयप्रकाश अंचल (बैरिया):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधानसभा क्षेत्र बैरिया के समरथपाह से मिल्की दुधैला होकर छोटकी बेलहरी तक जाने वाली सड़क जर्जर व गड्ढा युक्त होने के कारण आमजन को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है? क्या सरकार उक्त मार्ग का निर्माण कार्य करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/677 167 **श्री जयप्रकाश अंचल (बैरिया):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधानसभा क्षेत्र बैरिया में दुर्जनपुर चट्टी से हनुमानगंज होकर देवपुर रेगुलेटर तक जाने वाला मार्ग जर्जर होने के कारण में क्षेत्रीय जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है? क्या सरकार उक्त मार्ग को चौड़ीकरण कराकर निर्माण कराएगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/690 168 **डॉ0 नीरज बोरा (लखनऊ उत्तर):**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ के फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड अन्तर्गत रहीम नगर डुडौली के खसरा संख्या-206 में स्थित अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण हेतु शासन के पत्र संख्या-1629/नौ-7-2025-26(ज)/2020टी.सी., नगर विकास अनुभाग-7, दिनांक 20 अगस्त, 2025 के क्रम में नगर निगम लखनऊ द्वारा सुसंगत प्रस्ताव शासन को उपलब्ध करा दिया गया है? यदि हाँ, तो प्रश्नगत कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है? क्या सरकार उक्त प्रश्नगत कार्य आरम्भ कराएगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/692 169 **डॉ0 नीरज बोरा (लखनऊ उत्तर):**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ के फैजुल्लागंज क्षेत्र में जलनिकासी हेतु 9.4 किमी लम्बा नाला का निर्माण का कार्य अत्यन्त धीमी गति से, गुणवत्ताविहीन और मानकों के विपरीत किया जा रहा है ? क्या सरकार उक्त निर्माण कार्यों का गुणवत्ता परीक्षण कराने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/693 170 **इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई (जसराना):**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में जनपद-वार कुल कितने गाँवों को सोलर गाँव बनाने हेतु चयनित किया गया है तथा चयनित गाँवों को सोलर गाँव में विकसित किये जाने की तय समय सीमा क्या है? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/694 171 **डॉ0 नीरज बोरा (लखनऊ उत्तर):**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि मुख्यमंत्री हरित सड़क अवसंरचना विकास शहरी (सीएम ग्रिड) योजना के अन्तर्गत लखनऊ के कपूरथला क्षेत्र में कतिपय निर्माण कराया जा रहा है? यदि हाँ, तो क्या सरकार के संज्ञान में है कि प्रश्नगत क्षेत्र में कार्य गुणवत्ताविहीन और मानकों के विपरीत किया जा रहा है? क्या सरकार निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परीक्षण कराने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/695 172 **इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई (जसराना):**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के सभी किसानों को निजी नलकूपों हेतु निशुल्क बिजली आपूर्ति योजना का

लाभ लेने हेतु ऊर्जा निगम द्वारा लगायी गयी शर्ते जैसे निजी नलकूप पर मीटर लगाना एवं बकाया बिल चुकाने आदि शर्तों को हटाने पर सरकार विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/698 173 **इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई (जसराना):**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत** क्या उर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बार-बार ट्रान्सफार्मर फुकने की शिकायतों की जानकारी सरकार के संज्ञान में है? यदि हां, तो क्या सरकार शिकायतों में कमी लाने हेतु ठोस नीति बनाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/703 174 **इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई (जसराना):**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ नगर निगम द्वारा वर्ष 2024-25 में ड्रेनेज सिस्टम के विकसित होने में कुल स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष कितनी राशि व्यय की गई है एवं लखनऊ शहर के किन-किन आबादी क्षेत्रों में जल भराव की समस्या से निजात दिलाने हेतु ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण किया गया है? क्या सरकार बताएगी कि उक्त सभी आबादी क्षेत्रों में वर्तमान में जल भराव की समस्या समाप्त हो चुकी है ? यदि नही, तो क्यों?

----

18/15/704 175 **इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई (जसराना):**

**वन एवं पर्यावरण** क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में प्रतिवर्ष मौसम की सटीक जानकारी न होने के कारण प्राकृतिक आपदा की स्थिति में लोगों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है? यदि हां, तो क्या सरकार जनपद फिरोजाबाद की तहसील जसराना में मौसम व वर्षा की सटीक जानकारी हेतु केन्द्र स्थापित किये जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/714 176 **श्री ब्रजभूषण राजपूत (चरखारी):**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद महोबा के विधानसभा चरखारी के अंतर्गत ग्राम पंचायत जैतपुर बेलाताल को सरकार नगर पंचायत घोषित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/715 177 **डॉ0 संग्राम यादव (अतरौलिया):**

**वित्त एवं संसदीय कार्य** क्या वित्त मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के

अधिकारियों/कर्मचारियों को नगर प्रतिकर भत्ता पूर्व में दिया जाता था? यदि हां, तो क्या सरकार को जानकारी है कि कोरोना काल में उक्त नगर प्रतिकर भत्ता बन्द कर दिया गया था? यदि हां, तो क्या सरकार अधिकारियों/ कर्मचारियों को पूर्व की भांति नगर प्रतिकर भत्ता बहाल करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/716 178 **श्री मोहम्मद हसन रूमी (कानपुर कैन्टोनमेंट):**

**आवास एवं शहरी नियोजन** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नगर निगम कानपुर द्वारा अजीत गंज प्रथम स्थित ब्लॉक संख्या 20 कॉलोनी नं. 02 03 व 12 प्राथमिक विद्यालय हेतु और ब्लॉक संख्या 19 कॉलोनी नं. 02 कार्यालय हेतु कानपुर विकास प्राधिकरण से किस वर्ष और किन शर्तों पर आवंटित कराई गई थी और उक्त आवंटित संपत्तियों का केडीए को देय कुल बकाया किराया ब्याज सहित वर्तमान में कितना है? क्या सरकार की जानकारी में है कि उक्त भवन वर्तमान में जर्जर स्थिति में हैं, जहाँ कोई भी शैक्षणिक या विभागीय गतिविधि संचालित नहीं हो रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार निष्प्रयोज्य संपत्ति को केडीए को एनओसी जारी कर कब्जा हस्तांतरित करेगी जिससे इन स्थलों को असामाजिक तत्वों और गंदगी से मुक्त कराकर जनहित में उपयोग किया जा सके ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/721 179 **मो0 फहीम इरफान (बिलारी):**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-मुरादाबाद के अंतर्गत नगर- बिलारी की सीमा में बाहर से आने वाले लोगों के लिए विगत तीन वर्षों के दौरान कितने सार्वजनिक शौचालय बनाए गए हैं? क्या सरकार किसी निश्चित अवधि में नगर बिलारी के विभिन्न बाज़ारों एवं चौराहों पर सार्वजनिक शौचालय बनवाना सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/723 180 **मो0 फहीम इरफान (बिलारी):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुरादाबाद के ब्लॉक मूंडापांडे क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिकनपुर के रास्ते पर सरकार द्वारा पुल बनाने की योजना प्रस्तावित है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुल को बनाने हेतु स्वीकृत एवं जारी बजट तथा निर्माण हेतु समय सीमा से सदन को अवगत कराएगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/730 181 **श्री प्रभुनारायण सिंह यादव (सकलडीह):**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ

की विधानसभा सरोजनीनगर के अंतर्गत सुभानीखेड़ा से घुसियाना मार्ग पर टूटे गटर के मैनहोल और क्षतिग्रस्त नालियों के कारण उत्पन्न जलभराव व दुर्घटनाओं की समस्या से सरकार परिचित है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्ग पर नाली व गटर मैन होल का मरम्मत का कार्य कराएगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/744 182 **श्री अनिल प्रधान (चित्रकूट):**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट में जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) चित्रकूट द्वारा सड़क निर्माण के संबंध में प्रस्ताव मांगे गए थे जिस पर प्रश्नकर्ता द्वारा पत्रांक संख्या DD/07/1814/03 दिनांक 8 जुलाई 2025 को प्रस्ताव प्रेषित किया जा चुका है लेकिन उक्त कार्य की स्वीकृति नहीं प्रदान की गई? क्या सरकार कार्य के अस्वीकृति के कारणों को स्पष्ट करते हुए विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/746 183 **श्री अनिल प्रधान (चित्रकूट):**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट के विकासखंड कर्वी ग्राम पंचायत मैंनहाई माफी में खेरापति से धर्मपाल आरख के घर तक विद्युतीकरण का कार्य सरकार करायेगी?? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/755 184 **श्री जयप्रकाश अंचल (बैरिया):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधानसभा क्षेत्र बैरिया के श्रीपालपुर के सामने बी एस टी बंधे के किनारे नाला पर पुल न होने के कारण किसानों को अपनी उपजाऊ फसल की देखभाल के लिए खेतों में जाने के दौरान कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है? क्या सरकार उक्त स्थान पर पक्का पुल बनाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/766 185 **श्री मोहम्मद हसन रूमी (कानपुर कैन्टोनमेंट):**

**स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन** क्या स्टांप तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के कोषागारों में स्टांप रिफंड के कुल कितने आवेदन लंबित हैं और उनमें से 6 माह से अधिक पुराने लंबित मामलों का जिलावार विवरण क्या है? क्या सरकार की जानकारी में है कि रिफंड की जटिल प्रक्रिया के कारण आम नागरिकों का करोड़ों रुपया विभाग में

लंबित है? यदि हाँ, तो क्या सरकार रिफंड की प्रक्रिया को ऑनलाइन और समयबद्ध' बनाने हेतु कोई नया पोर्टल शुरू करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/767 186 **श्री स्वामी ओउ्मवेश (चाँदपुर):**

**गन्ना विकास एवं चीनी मिलें** क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के गन्ना किसानों को लाभकारी मूल्य प्राप्त हो इसके लिए किसानों का गन्ना सेन्टर पर भी शुगर मिल गेट वाला मूल्य देने की योजना पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/768 187 **श्री स्वामी ओउ्मवेश (चाँदपुर):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर के विधान सभा चॅादुपर के धार्मिक स्थलों के मार्ग कच्चे होने के कारण श्रद्धालुओं को आवगमन में परेशानी होती है? क्या सरकार उक्त मार्गों का निर्माण कार्य कराएगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों?

----

18/15/769 188 **श्री स्वामी ओउ्मवेश (चाँदपुर):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर के विधान सभा चॅादुपर मे विगत 5 वर्षो मे सिंचाई विभाग द्वारा बनायी गयी नहरों के किनारे कितने किलो मीटर लम्बाई के कितने डामर मार्ग बनाये गये है? क्या सरकार ने वित्तिय वर्ष 2026-27 में नहरों के किनारे डामर मार्ग बनाने की योजना बनाई है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/771 189 **मो0 फहीम इरफान (बिलारी):**

**लोक निर्माण** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुरादाबाद की कांठ तहसील क्षेत्र के ग्राम दरियापुर को सड़क मार्ग से जोड़ने पुल बन जाने के बावजूद भी आवागमन शुरू न होने से सरकार परिचित है? यदि हां तो क्या सरकार किसी निश्चित अवधि में उक्त पुल से आवागमन सुचारू करना सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/799 190 **डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा (शिकोहाबाद):**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या ग-7 नं0. 40300 दिनांक 07/02/2026 तथा क-7 नं0. 350105 दिनांक 12/03/2026 जो कि कतिपय क्षेत्र में पेयजल की समुचित व्यवस्था

कराने विषयक है, प्राप्त हुए है? यदि हां, तो उक्त पत्रों पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/801 191 **श्री जवाहर लाल राजपूत (गरौठा)ः**

**लोक निर्माण** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के ब्लाक व तहसील-फूलपुर में ग्राम पुरानाजिर एवं ग्राम-चमावा के बीच कुँवर नदी पर पक्का पुल न होने के कारण ग्राम-सिंगारपुर, भड़ेरिया, मुण्डवर, हेमईपुर, अंजानसहीद, ईशापुर, बैसानूरम, बैसाडीह डिधिया भेड़िया, दुलारपुरा, सूदन्नीपुर, इटकोहिया आदि गांव के लोगो को आने जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है? क्या सरकार उक्त स्थान पर पक्का पुल का निर्माण कार्य करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/819 192 **इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई (जसराना)ः**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत विकसित किये जा रहे शहरों के विकास कार्यों की निगरानी हेतु शहर वार किस पी.एम.सी (प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग सेल) के साथ अनुबन्ध किया गया है तथा इन पी.एम.सी (प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग सेल) को प्रतिमाह कितनी धनराशि ह्स्तान्तरित की जा रही है ? क्या सरकार इन पी.एम.सी (प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग सेल) द्वारा शहर वार पूर्ण हो चुके विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं लम्बित विकास कार्यों के सम्बन्ध में तैयार की गयी रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/820 193 **इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई (जसराना)ः**

**नगर विकास** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के सभी स्मार्ट सिटी की स्वच्छता सर्वेक्षण की अद्यतन रिपोर्ट सरकार सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/821 194 **इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई (जसराना)ः**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि भारत सरकार की उपभोक्ता सेवाओं की रेटिंग में उत्तर प्रदेश की बिजली कम्पनियों का प्रदर्शन बदतर रहने के क्या कारण हैं? क्या सरकार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु विद्युत सामग्री एवं मानकानुसार कार्मिकों की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/822 195 **इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई (जसराना)ः**

**ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा स्मार्ट प्रीपेड मीटर में न्यूनतम बैलेन्स का अलर्ट मैसेज भेजने पर पाँच पैसे के एस.एम.एस के लिये 10 रूपये का चार्ज उपभोक्ताओं से लिया जाता है? क्या सरकार उक्त प्रस्ताव को खारिज करने हेतु कोई दिशा–निर्देश जारी करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/1164 196 **Shri Samarpal Singh (Naugawan Sadat):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली की नगर पालिका शामली को वित्तीय वर्ष 2024-25 में कितना बजट प्राप्त हुआ तथा नगर पालिका शामली द्वारा कितना खर्च किया गया? क्या सरकार खर्च किये गये बजट का मदवार विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/1165 197 **Shri Samarpal Singh (Naugawan Sadat):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली की नगर पालिका शामली मे कुल कितने फर्मो/कंपनियो का पंजीकरण है एंव विगत 4 वर्षो मे कितने फर्मे/कंपनियो का पंजीकरण हुआ तथा सभी पंजीकरत फर्मो/कंपनियो का नाम एंव उनके मालिको/प्रोप्राइटरो का नाम क्या है और किस फर्म/कंपनी का पंजीकरण किस कार्य हेतु किया गया है? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/1185 198 **Shri Samarpal Singh (Naugawan Sadat):**

0 **Urban Development** क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली की नगर पालिका शामली मे वित्तीय वर्ष 2024-25 , 2025-26 में कुल कितने कार्यो के प्रस्ताव पास हुए एवं उक्त प्रस्तावों की धनराशि मदवार कितनी-कितनी थी तथा किस फर्म/कंपनी द्वारा कौन-कौन से कार्य किये गये है? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/1331 199 **Shri Samarpal Singh (Naugawan Sadat):**

0 **Public Works Department** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधानसभा क्षेत्र शामली सदर के ग्राम कुड़ाना के प्राथामिक विद्यालय कुड़ाना न0-3 से गोहरपुर जाने वाला खंड़जा मार्ग क्षति ग्रस्त है,

जिससे आवगमन मे परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। क्या सरकार उक्त मार्ग पर खंडजा के स्थान पर डामरीकरण कर डामर रोड का निर्माण कार्य करायगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/1455 200 **Shri Samarpal Singh (Naugawan Sadat):**

0 **Energy, Additional Sources of Energy** क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली सदर के मोहल्ला रेलपार के कु़ड़ाना रोड पर सूरजमल विहार के निकट अनुज कुमार पुत्र जयप्रकाश के मकान के बाहर बिल्कुल गेट के सामने टर्मिनेट हो रही 11000 वोल्ट की लाइन व 63 केवीए ट्रांसफार्मर होने से संभावित दुर्घटना के दृष्टिगत ट्रांसफार्मर एवं विद्युत लाइन को स्थानान्तरित करने के विषयक प्रश्नकर्ता का पत्रांक ख-7NO.610283 प्राप्त हुआ है? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्रवाई की गयी? यदि नहीं, तो क्यो?

----